प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

पंतनगर में देश का 76वां स्वतंत्रता दिवस मनाया गया

पंतनगर। 16 अगस्त, 2022। विश्वविद्यालय में देश का 76वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति, डा. ए.के. शुक्ला ने प्रातः 9:00 बजे गांधी मैदान में ध्वजारोहण तथा उपस्थित शिक्षकों, वैज्ञानिकों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को देश की सेवा के लिए संकल्प दिलाया। उन्होंने असंख्य शहीदों एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को याद किया, जिनके बलिदानों की नींव पर हमारा भारत स्वतंत्र रूप से खड़ा है। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में डा. ए. के. शुक्ला ने पूर्व अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को याद किया और कहा कि उनके अथक प्रयास से ही हम विश्वविद्यालय को अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर पर विशिष्ट स्थान दिला पाये हैं।

उन्होंने उन वीर जवानों एवं देश भक्तों को याद करते हुए बताया कि इन वीर जवानों ने देश को आजादी दिलाने हेतु अपना बलिदान दिया, जिस कारण आज पूरा देश इस आजादी को अमृत महोत्सव के रूप में मना रहा है। उन्होंने बताया कि उन वीर जवानों के साथ–साथ उन किसानों को भी याद करना चाहिए, जिन्होंने देश को खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाया है। उन्होंने बताया कि देश में कृषि एवं किसानों की प्रगति के लिए पंतनगर विश्वविद्यालय पिछले 6 दशकों से प्रयासरत है। डा. शुक्ला ने बताया कि पंतनगर विश्वविद्यालय एक मात्र कृषि विश्वविद्यालय है जोकि विश्व कि क्यूएस रैंकिग में अपना स्थान बनाने में सफल रहा है। डा. शुक्ला ने बताया कि विश्वविद्यालय के विद्यार्थी देश में ही नहीं बल्कि अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि शिक्षण में नये आयाम को हासिल करते हुए विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है।

अपने सम्बोधन में कुलपति ने सभी इकाईयों की उपलब्धियों पर उन्हें बधाई दी तथा कहा कि विश्वविद्यालय के सभी कार्मिक अपने पूर्ण सामर्थ्य के साथ विश्वविद्यालय को आगे बढ़ाने में सहयोग कर रहे हैं। उन्होंने अपने भाषण का समापन तीन बार 'जय हिन्द' के नारे के साथ किया, जिसको उपस्थित जनों ने पूरे उत्साह के साथ दोहराया।

विश्वविद्यालय में स्वतंत्रता दिवस पर विद्यार्थियों, शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं अन्य को सम्बोधित करते कुलपति, डा. ए.के. शुक्ला।

पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
OF AGRICULTURE &